आईसीएआर के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक द्वारा एनबीएफजीआर का दौरा

आईसीएआर-एनबीएफजीआर परिसर लखनऊ में 14 अप्रैल, 2024 को आईसीएआर के महानिदेशक एवं भारत सरकार के कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव डॉ हिमांशु पाठक का आगमन हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ उत्तम कुमार सरकार द्वारा उनका स्वागत किया गया तथा संस्थान की गतिविधियों एवं अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति से उन्हें अवगत कराया गया। उन्होंने संस्थान द्वारा मत्स्य प्रजातियों के अन्वेषण, सूचीकरण, मूल्यांकन और लक्षण वर्णन के माध्यम से देश में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और प्राकृतिक आवासों में मत्स्य प्रजातियों के संरक्षण सहित अन्य अनुसंधान कार्यक्रमों के विस्तार का जायजा लिया। डॉ पाठक द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों के एक विशेष घटक के रूप में मात्स्यिकी को आगे बढ़ाने के लिए मात्स्यिकी वैज्ञानिकों द्वारा अधिकाधिक प्रयत्न करने का आह्वान किया। उन्होंने देश के किसानों एवं युवाओं की आजीविका सुरक्षा हेतु मछली पालन व इससे जुड़े अन्य व्यवसायों की उपयोगिता हेतु सामुदायिक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता को बताते हुए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत देश में मछली उत्पादन बढ़ाने के लिए मत्स्य पालकों व उद्यमियों को दी जा रही अनुदानों की भी जानकारी दी। उनके द्वारा परिसर स्थित गंगा एक्वेरियम में उत्तर प्रदेश की राज्य मछली चिताला का अनावरण कर उसे सेंट्रल एक्वेरियम एवं तालाब में रिलीज़ किया गया तथा गंगा एक्वेरियम का ट्रेड मार्क, मछलियों के डीएनए बारकोड पर पुस्तक एवं क्रस्टेशियन प्रजातियों पर ऑनलाइन डेटाबेस विमोचित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ स्थित आईसीएआर संस्थानों के निदेशकगण डॉ. आर. विश्वनाथन, डॉ. टी. दामोदरन सहित एनबीएफजीआर के समस्त वैज्ञानिक एवं विभिन्न अनुभागों के प्रभारी उपस्थित रहे।